मंगलवार

21 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




देवकुंड में एक लाख व्रतियों ने भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य







महापर्व छठ



पटना में गंगा नदी घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था का महापर्व छठ के अंतिम दिन सोमवार को अहले सुबह अपने आवास 1 अणे मार्ग स्थित तालाब में पूरी श्रद्धा के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया तथा ईश्वर से राज्य एवं देशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राज्य के विभिन्न नदियों एवं तालाबों में बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और शांति एवं श्रद्धा के वातावरण में महापर्व छठ सम्पन्न हुआ। पटना समेत बिहार के सभी छठ घाटों पर भगवान भास्कर आर्घ्य देने के लिए आस्था का सैलाब उमड़ा था। पटना में गंगा किनारे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। चारों ओर छठ मैया के गीत गूंजते रहे। बिहार के गंगा तटों सहित विभिन्न नदियों किनारे, पोखर और सरोवरों पर लाखों व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और सबकी खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार की सुबह पटना के छठ घाटों का स्टीमर से मुआयना किया।

## लखीसराय में छठ घाट से लौटने के दौरान हुई घटना, तीन गंभीर

# एक ही परिवार के छह लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, तीन की मौत

- मृतकों में दो भाई व एक बहन शामिल वहीं घायलों में मृतक दोनों भाइयों की पत्नी और पिता हैं
- लखीसराय के कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ले के वार्ड 15 की घटना

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के लखीसराय में सोमवार की सुबह छह लोगों पर की गई ताबड़तोड़ फायरिंग में दो भाइयों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक बहन ने इलाज के क्रम में पटना में दम तोड़ दिया। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। ये सभी एक ही परिवार के हैं। पीड़ित परिवार के घर से थोड़ी दूरी पर इस घटना को अंजाम दिया गया है। ये सभी लोग छठ घाट से अर्घ्य देकर लौट रहे थे। रास्ते में सनकी आशिक ने इस घटना को अंजाम दे दिया। यह घटना कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ले के वार्ड नंबर 15 की है। सभी घायलों का इलाज पटना में चल रहा है। घायलों में मृतक दोनों भाइयों की पत्नी और पिता शामिल हैं। इस गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया गया है।

इस घटना को लेकर प्रेम प्रसंग का विवाद सामने आया है. मृतक चंदन और राजनंदन की मां ने बताया कि वह दुर्गा मंदिर में पूजा कर रही थीं. इसी दौरान उन्हें पता चला कि पंजाबी मोहल्ला में किसी ने गोली मार दी है। वह दौड़कर जा रही थीं तो घायलों को रिक्शा पर अस्पताल लाया जा रहा था. उन्होंने कहा कि आशीष ने ही गोली मारी है। वह चाहता था कि हम अपनी बेटी उसे शादी के लिए दे दें। हम लोगों ने नहीं दिया तो आज यह घटना हो गई. इस मामले में थाना-पुलिस सब कुछ हो चुका था। इधर घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि पंजाबी मोहल्ले के वार्ड नंबर 15 निवासी आशीष चौधरी ने फायरिंग की है। इसमें चंदन झा (31 साल) और राजनंदन झा (31 साल) की गोली लगने से मौत हो गई है। घटना में चंदन झा की पत्नी प्रीति देवी, राजनंदन झा की पत्नी लवली देवी और शशिभूषण झा घायल हुए हैं। पुलिस ने दुर्गा को भी घायल बताया था जिसकी बाद में पटना में मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि आरोपित आशीष चौधरी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



## पटना में घाट गए दो जुड़वा भाइयों की डूबने से मौत, बवाल

**पटना।** राजधानी पटना में सोमवार की सुबह घाट गए दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। घटना रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के खेमनीचक स्थित एक पोखर की है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों और परिजनों ने सड़क पर आगजनी कर बवाल करना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों जुड़वा भाई पोखर में नहाने के लिए चले गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले गए और डूब गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उन्हें निकाला और एक निजी अस्पताल लेकर गए। यहां देखने के बाद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों और लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मृतकों की पहचान साहिल कुमार और सौरभ कुमार के रूप में की गई है। ये दोनों जुड़वा थे और इनकी उम्र 11-12 साल के आसपास थी। ये गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के रहने वाले थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। लोग मुआवजे की मांग कर रहे थे। इस पूरे मामले में रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि छठ के दिन ब्रह्मपुर पोखर में डूबने से दो बच्चों की मौत हुई है। दोनों बच्चे गिरिजनांद के पुत्र थे। घटना के बाद खुशी का माहौल मातम में बदल गया। एक साथ घर से दो-दो चिराग बुझने के बाद परिवार में मातम पसर गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## उत्तर प्रदेश में हलाल सर्टिफिकेट से जुड़े फूड उत्पाद पर बैन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा ऐक्शन लिया है। राज्य में हलाल सर्टिफिकेट से जुड़े फूड उत्पाद पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश के अनुसार हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाता है। हलाल प्रमाणीकरणयुक्त औषधि, चिकित्सा युक्ति व प्रसाधन सामग्रियों का विनिर्माण, भंडारण वितरण एवं क्रय-विक्रय उत्तर प्रदेश राज्य में करते हुए पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति/फर्म के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। हालांकि, निर्यात हेतु विनिर्मित उत्पाद प्रतिबंध की सीमा में नहीं आएंगे। हाल के दिनों में प्रदेश सरकार को ऐसी जानकारी मिल रही थी कि डेरी उत्पाद, चीनी, बेकरी उत्पाद, पिपरमिन्ट ऑयल, नमकीन रेडी-टू-ईट वेवरीज व खाद्य तेल जैसे उत्पादों के लेबल पर हलाल प्रमाणन का उल्लेख किया जा रहा है। यही नहीं, दवाइयों, चिकित्सा युक्तियों व प्रसाधन सामग्रियों के उत्पाद के पैकिंग/लेबलिंग पर हलाल प्रमाण पत्र का भी अंकन किए जाने की सूचना है। औषधियों, चिकित्सा युक्तियों और प्रसाधन सामग्रियों से संबंधित सरकार के नियमों में हलाल प्रमाणीकरण का अंकन उत्पादों के लेबल पर किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है और न ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 व तत्संबंधी नियमों में हलाल प्रमाणीकरण किये जाने का कोई प्रावधान है। ऐसी स्थिति में यदि किसी औषधि, चिकित्सा युक्ति व प्रसाधन सामग्री के लेबल पर हलाल प्रमाणीकरण से संबंधित किसी भी तथ्य का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अंकन किया जाता है, तो यह उक्त अधिनियम के अंतर्गत मिथ्याछाप है, जो कि एक दंडनीय अपराध है।


# भारत निर्वाचन आयोग की सख्ती... पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रु. से अधिक की जब्ती

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि चुनाव अधिकारियों ने चुनाव की घोषणा के बाद से पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की सूचना दी है। आयोग के अनुसार यह राशि इन पांच राज्यों में पिछले चुनावों के दौरान जब्ती के आंकड़ों की तुलना में 636 प्रतिशत अधिक है। पांच मतदान वाले राज्य मिजोरम, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को एक बयान में कहा, चुनाव की घोषणा के बाद से पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की सूचना मिली है, जो 2018 में इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों में की गई जब्ती से सात गुना (239.15 करोड़ रुपये) अधिक है।

चुनाव आयोग के अनुसार इन पांच राज्यों में 2018 के विधानसभा चुनावों के दौरान जब्त राशि की तुलना में इस बार जब्त राशि में 636 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चुनाव आयोग की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार तेलंगाना जहां 30 नवंबर को चुनाव होने जा रहे हैं और वहां सबसे अधिक 659.2 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई। इसके बाद राजस्थान में 650.7 करोड़ रुपये और मध्य प्रदेश में 323.7 करोड़ रुपये जब्त किए। इसके अलावे छत्तीसगढ़ में 76.7 करोड़ रुपये और मिजोरम में 49.6 करोड़ रुपये जब्त किए गए।

बता दें कि इससे पहले छह राज्यों गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के दौरान 1400 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गई थी, जो इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों से 11 गुना अधिक थे। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में पिछले छह राज्य विधानसभा चुनावों में 6 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गई थी, जो इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों से 1400 गुना अधिक है। ईसीआई ने आगे बताया कि जब्त की गई वस्तुओं में नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुएं, जिनकी कीमत करोड़ों में है, मुफ्त उपहार और अन्य वस्तुएं शामिल हैं।



## सीएम योगी के निर्देश पर यूपीडा ने औद्योगिक केंद्रों के लिए स्थलों को किया चिन्हित

# एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक गलियारे बनाएगी यूपी सरकार

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश में नए-नए एक्सप्रेसवे बनाकर न सिर्फ प्रदेश की कनेक्टिविटी को बेहतर बना रही है, बल्कि अब इन एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करके इसे औद्योगिक गलियारे के रूप में विकसित करने पर भी काम किया जा रहा है। इस संबंध में सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने औद्योगिक केंद्रों के लिए स्थलों को चिन्हित कर लिया है। योजना के अनुसार यूपीडा प्रदेश में 5 एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा। इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस पर योगी सरकार अनुमानित 7 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी।



यूपीडा ने एक उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी के समक्ष इन पांचों एक्सप्रेसवेज के किनारे चिन्हित औद्योगिक गलियारों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके अनुसार प्रदेश के कुल 12 जनपदों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1522 हेक्टेयर है। इस पर करीब 2300 करोड़ के अनुमानित व्यय का अनुमान है। इसी तरह, 7 जनपदों को जोड़ने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1884 हेक्टेयर है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा व्यय का अनुमान है।

**30 स्थलों और 5800 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि की चिन्हित:** इसी तरह, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़े 10 जनपदों में 5 स्थलों का चयन किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 532 हेक्टेयर है, जिसके विकास पर करीब 650 करोड़ का व्यय अनुमानित है। वहीं 9 जनपदों को जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारे के लिए 5 स्थानों को चिन्हित किया गया है जिसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1586 हेक्टेयर है और अनुमानित व्यय 2300 करोड़ होने की संभावना है। पांचवां और अंतिम एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे है। इसके 4 जनपदों में 2 स्थानों को औद्योगिक केंद्रों के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 345 हेक्टेयर होगा और अनुमानित व्यय 320 करोड़ होने की संभावना है। कुल मिलाकर इन पांचों एक्सप्रेसवेज पर 30 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5800 हेक्टेयर से ज्यादा है।

**भूमि क्रय के लिए दरों का निर्धारण प्रक्रियाधीन:** यूपीडा की ओर से चिन्हित सभी 30 स्थलों से जुड़े 108 ग्रामों को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित किया जा चुका है। वहीं भूमि क्रय के लिए संबंधित 6 जिलाधिकारियों को 200 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं। साथ ही भूमि क्रय के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक प्राधिकरण की तर्ज पर 1500 करोड़ रुपए अवमुक्त किए जाने का आदेश भी निर्गत किया जा चुका है।

**सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य है उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य है। प्रदेश में अभी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे क्रियाशील हैं। वहीं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे, दिल्ली सहारनपुर देहरादून एक्सप्रेसवे, गाजियाबाद कानपुर एक्सप्रेसवे और गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज गति से चल रहा है।



महापर्व छठ पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए गोह देवकुंड में छठव्रतियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



जहानाबाद के संगम छठ घाट पर बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को उर्घ्य दिया।इस दौरान डीएम रिची पाण्डेय ने वहां की विधि व्यवस्था देखी।

## औरंगाबाद के देवकुंड के सहस्त्रो धारा तालाब और देवहरा स्थित पुनपुन नदी घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

# देवकुंड में एक लाख व्रतियों ने भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**





गोह देवकुंड में चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ पर छठव्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हुए सोमवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया। वहीं चर्चित देवकुंड के सहस्त्रो धारा तालाब के साथ साथ देवहरा स्थित पुनपुन नदी घाटों पर आस्था का सैलाब उमडी रहा। इस दौरान देवकुंड में एक लाख से अधिक की तादाद मे छठ व्रती सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया, तो देवहरा में लगभग 50 हजार छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर अपनी मुरादे पूरी करने की मन्नत मांगी। इसके साथ हसपुरा के डिंडीर, डुमरा, रतनपुर, मलहद, महदीपुर, अंकुरी, गोरकट्टी, डिहुरी सहित कई गांव के छठ घाट पर वर्ती ने भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान बाबा दुधेश्वर नाथ मंदिर परिसर में पारंपरिक छठ गीतों ...मारबउ रे सुगवा धनुष से ...कांच की बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए... होख न सुरुज देव सहइया... बहंगी घाट पहुंचाए...से पूरा देवकुंड नगरी भक्तिमय हो गया। धार्मिक मान्यता है कि छठ महापर्व में नहाए-खाए से पारण तक व्रतियों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है। यूं तो अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य लेकर सभी घाट पुरी तरह गुलजार रहे लेकिन देवकुंड घाट को रौनक देखते ही बनी। इन घाटों को शानदार ढंग से सजाया गया था। रोशनी के बेहतर इंतजाम किये गये थे। व्रतियों को बिना किसी परेशानी के तालाब तक जाने का ब्यवस्था किया गया था। इधर देवहरा में भास्कर क्लब द्वारा मुख्य पथ से लेकर पुनपुन नदी घाट तक आकर्षक गुफा के निर्माण कराया गया था। जिस गुफे से होकर वर्ती घाट पहुँचकर भगवान भास्कर को अर्घ दिया। जहाँ की सुरक्षा को लेकर एसडीओ मनोज कुमार के साथ थानाध्यक्ष कमलेश पासवान सीओ मुकेश कुमार बीडीओ के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

**ड्रोन कैमरे से भी की गई मेले की निगरानी:** चार दिवसीय लोक आस्था के छठ महापर्व शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हों गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने बड़ी राहत की सांस ली है। हालांकि इस दौरान छठ पर्व के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे, लेकिन कुछ छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़कर त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। ऐतिहासिक देव कार्तिक छठ मेला सहित ज़िले के प्रमुख जगहों पर सुरक्षा - व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखी। इस दौरान मेला क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पुलिस बलों एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके आलावा ड्रोन कैमरे से विधी - व्यवस्था पर नजर रखी जा रही थी। विभिन्न जगहों पर निरंतर वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों यथा सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर थीं। वहीं पुलिस खुफिया तरीके से भी विधी - व्यवस्था पर नजर रख रही थी। अपर पुलिस अधिक्षक अभियान मुकेश कुमार ने बताया कि सौहार्द पुर्ण वातावरण में चार दिवसीय छठ महापर्व को शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इसके मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड में थीं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।



## राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में किया जागरूक

**जहानाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह एवं सचिव रणजीत कुमार के निर्देश पर 9 दिसंबर लगनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित छठ पूजा के शुभ अवसर पर जहानाबाद एवं अरवल के सभी छठ घाटों पर विमल कुमार एवं पूनम कुमारी, जयप्रकाश कुमार एवं संतोष कुमार, संजय पंडित एवं ब्यूटी देवी, कृष्ण बल्लभ सहाय एवं इंदु कुमारी, संतोष कुमार केसरी एवं कौशल किशोर आदि द्वारा पराविधिक स्वयंसेवक के माध्यम से पंपलेट के जरिए राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में प्रचार प्रसार किया गया। जैसे सुलहनिए आपराधिक मामले, दीवानी मामले, दुर्घटना बीमा दावा, पारिवारिक विवाद,श्रम विवाद भू अधिग्रहण, राजस्व पराक्रम अभिलेख के धारा 138 के मामले, बैंक ऋण के मामले, वेतन भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ इत्यादि से संबंधित मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निपटारा किए जाने के बारे में बताया गया।

# औरंगाबाद में एक ही रात तीन घरों से 17 लाख की नकदी व जेवरात की चोरी, लोगों में भय

**केटी न्यूज/औरंगाबाद गोह**



रविवार की देर रात चोरों ने गोह थाना क्षेत्र के कैथी सिरों गांव में बंद तीन मकानों से लाखों की नकदी और जेवरातों पर हाथ साफ किया। एक साथ तीन घरों में चोरी की घटना के बाद हड़कंप मच गया है। इस चोरी की घटना में लगभग 17 लाख की सम्पती को चोरों ने चोरी की हैं। फिलहाल पीड़ित परिवार पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए करवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के कैथी सिरों गांव निवासी चंद्रेश प्रसाद सिंह के पुत्र कुमार गौरव उर्फ बब्लू ने थाना में दिये गए आवेदन में बताया है कि हमलोग सभी परिवार पटना में रहते है। इस दौरान गांव के लोगो ने सोमवार की अहले 3 बजे चोरी होने की सूचना फोन पर दी। सूचना मिलते ही घर पहुचा तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है।घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि सभी सामान बिखरा हुआ है। गोदरेज टूटा था, देखा तो सोने का तीन पीस अंगूठी जिसका दाम लगभग अस्सी हजार रुपये का गायब था,नकद पंद्रह हजार,सोने का चेन की कीमत लगभग एक लाख सभी गायब थे।वही उसी गांव के स्व रामकिशोर शर्मा के पुत्र राजकुमार शर्मा ने दिए गए आवेदन में बताया है कि मैं पिछले एक सप्ताह से गया में अपने रिस्तेदार की इलाज को लेकर गया था।अहले सुबह लगभग तीन बजे गांव पड़ोसियों ने फोन कर चोरी होने की जानकारी दी। घर आकर देखा तो ट्रंक में रखा सोने की जेवरात लगभग साढ़े छह लाख, चांदी के जेवरात व अन्य सामान लगभग दो लाख व नकद एक लाख रुपये गायब थे।वही उसी गांव के कृष्ण मोहन शर्मा के पुत्र त्रिपुरारी शर्मा के घर से चोरों ने लाखो की सम्पती को पार किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मैं भी अपने परिवार के साथ आवश्यक कार्य से गया में था। सोमबार की सुबह लगभग 4 बजे गांव वालों ने चोरी की जानकारी दी जब घर पहुचा तो देखा कि चोरों ने मुख्य दरवाजा का ताला तोडकर लाखो के सम्पति को उड़ाया है।इनके घर मे दीवार में बने आलमीरा के लॉकर को तोड़कर चोरों ने सोने की अंगूठी व चैन लगभग ढाई लाख एवम चांदी के बर्तन व जेवरात की कीमत लगभग 2 लाख व कासा ,फूल का बर्तन लगभग अस्सी हजार लेकर चोर फरार हो गया। तीनों घरों से चोरों ने लगभग सोलह लाख पचहत्तर हजार के सम्पती चोरी की है। एक ही रात में थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पर हुई चोरी के बाद से लोगों में भय व्याप्त है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि आवेदन मिली है।जांच कर करवाई की जायेगी

# लघुशंका करने गए वृद्ध किसान की बाइक के धक्के से गई जान

**केटी न्यूज/आरा**

चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव के पास सड़क हादसे में एक किसान की पांचवे दिन मौत हो गयी। मंगलवार की शाम जख्मी किसान ने शनिवार की रात इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृत किसान जलपुरा गांव निवासी स्व. रामाधार सिंह के 60 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र सिंह थे।

चचेरे भाई कामेश्वर सिंह के अनुसार मंगलवार की शाम किसान सुरेंद्र सिंह गांव के समीप सड़क किनारे लघुशंका कर रहे थे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक द्वारा उन्हें जोरदार ठोकर मार दी थी गयी थी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए शहर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। वहां शनिवार की देर रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उसके बाद उनके शव को गांव लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि किसान के परिवार में पत्नी आशा देवी, पुत्री उषा प्रेम और पुत्र राकेश कुमार सिंह है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया। पत्नी आशा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## औरंगाबाद में शराब सहित अन्य मामलों में चार लोग गए जेल

**औरंगाबाद।** एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें विविध कांड में दो एवं शराब कांड में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वाहन जांच एवं शमन मामले में 3000 हजार रूपए जुर्माना वसूला गया है। इसके साथ ही दो बाइक जब्त किया गया है। इसके बाद पकड़े गए, इन चारों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। एसपी ने सख्त चेतावनी दी है कि अवैध शराब का कारोबार करनेवालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# छठ घाट से लौट रहे सुंदरा गांव के युवक की सड़क हादसे में मौत, दो दोस्तों की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-अरवल रोड पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सखुआ टोला स्थित होटल के समीप रविवार की रात ऑटो और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गयी। उसमें बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को पटना रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत भी चिंताजनक बनी है। बेलाउर सूर्य मंदिर छठ घाट से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ है। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरातफरी मची रही।

मृतक चांदी थाना क्षेत्र के सुंदरा गांव निवासी दिलकेश गुप्ता का 22 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार था। घायलों में उसी गांव के मुन्ना यादव का 22 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार और वीरेंद्र राम का 24 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार शामिल है। कमलेश कुमार ने बताया कि रविवार की शाम तीनों दोस्त छठ मेला घूमने उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव स्थित सूर्य मंदिर घाट गये थे। देर रात तीनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। अंकित कुमार बाइक चला रहा था और दोनों दोस्त पीछे बैठे थे। तभी सखुआ टोला स्थित होटल के समीप सामने से आ रहे एक ऑटो ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे बाइक चला रहे अंकित कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई। हादसे में वह और उसका दोस्त राकेश कुमार भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए पहले उदवंतनगर पीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिकी उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद दोनों को सदर अस्पताल से पटना रेफर कर कर दिया।

**पांच दिन पूर्व ही राजस्थान से गांव आया था अंकित, मौत से घर में मचा कोहराम:** कमलेश कुमार ने बताया कि अंकित कुमार राजस्थान में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह पांच दिन पूर्व ही राजस्थान से वापस अपने गांव लौटा था। उसके बाद तीनों दोस्त छठ मेला देखने बेलाउर स्थित सूर्य मंदिर गये थे। तभी हादसा हो गया। इधर, छठ पर्व के दिन अंकित की मौत से घर से उसके घर में कोहराम और रोना-धोना मच गया है। बताया जाता है कि अंकित दो भाई और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां उषा देवी भाई अमित कुमार और बहन अंजली कुमारी है। हादसे के बाद मां उषा देवी सहित परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फाइनेंस कर्मी लूटकांड का वांछित टॉप-10 अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दीघा टोला के समीप पिछले दिनों एक फाइनेंस कर्मी से लूटपाट करने में शामिल आखिरी अपराधी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जगदीशपुर पुलिस ने रविवार की शाम उसे करनामेपुर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। वह शाहपुर थाने के पड़सौरा गांव निवासी नरेंद्र मिश्रा का पुत्र लाल बाबू मिश्रा है। वह टॉपटेन अपराधियों में शामिल था। धनगाई थाना क्षेत्र में पिछले दिनों आभूषण कारोबारी से लूट में भी उसकी संलिप्ता सामने आयी है।जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि माइक्रो फाइनेंस के कर्मी इंदल कुमार पिछले सात अगस्त की शाम समूह की बैठक और कलेक्शन कर बाइक से जगदीशपुर लौट रहे थे। तभी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दीघा टोला के

समीप तीन अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर एक लाख चौदह हजार रुपये लूट लिया गया था। उस मामले में लाइनर सहित तीन अपराधियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हालांकि लालबाबू मिश्रा फरार चल रहा था। रविवार की शाम सूचना मिली कि वह करनामेपुर इलाके में है। उस आधार पर जगदीशपुर थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों द्वारा बताया गया था कि फाइनेंस कर्मी से 96 हजार की लूट की गयी थी। अपराधियों द्वारा सारे पैसे खर्च कर दिये गये थे। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार लाल बाबू मिश्रा थाने के टॉपटेन अपराधियों में शामिल था। उसकी पिछले दिनों धनगाई थाना क्षेत्र में आभूषण कारोबारी से लूट में संलिप्ता सामने आयी है। उसने लूट के लिए अपाची बाइक उपलब्ध कराने की बात स्वीकार भी की है।

## पानी भरे बाल्टी में डूबने से मासूम की मौत

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में सोमवार की सुबह पानी भरे बाल्टी में डूबने से आठ माह के एक मासूम बच्चे की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया। मृत बच्चा बबुरा गांव निवासी प्रमोद कुमार का आठ माह का पुत्र मोहित कुमार था। बच्चे की मां सीमा देवी ने बताया कि वह घर के बाहर नल पर कपड़ा धो रही थी। उस समय उसका बच्चा चबूतरे पर था। कपड़ा धोने के बाद वह कपड़ा डालने के लिए छत पर चली गयी थी। उसी बीच उसका बेटा पानी भरे बाल्टी में गिर गया। करीब बीस मिनट बाद वह कपड़ा डाल कर नीचे उतरी, तो देखा कि उसका बेटा पानी भरे बाल्टी में गिर पड़ा है। उसके बाद उसने फौरन उसे बाल्टी से निकाला और इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

## आहर में डूबने से शौच करने गए अधेड़ की मौत

**आरा।** भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बसौरी गांव में रविवार की देर शाम आहर में डूबने से शौच करने गए एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक बसौरी गांव वार्ड नंबर तीन निवासी स्व. बाल कन्हैया राम के 55 वर्षीय पुत्र राम प्रवेश राम थे। उनके बड़े बेटे रमेश पासवान ने बताया कि सोमवार की देर शाम वह शौच करने के लिए गांव स्थित आहर के किनारे गए थे। उसी दौरान वहां वह आहर मे गिर पड़े और डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गयी। रात में वह घर वापस नहीं लौटे, तो उनकी खोजबीन की। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह गांव के एक व्यक्ति आहर किनारे गए। वहां उन्होंने उनके शव को आहर में देखा और सूचना दी। तब वह लोग घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से उनके शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि अधेड़ अपने तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर थे। उसके परिवार में पत्नी लालती देवी, पुत्र रमेश पासवान, विनोद पासवान, बजरंगी पासवान, सरोज पासवान और मनोज पासवान है। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी लालती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## पलेया तालाब में तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

**मखदुमपुर।** प्रखण्ड के पलेया मोहल्ला स्थित सूर्य मंदिर तालाब में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के कई जगह से आए हुए युवाओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर श्रीकांत कुमार रहे। उन्हें कप के साथ 5100 रूपया इनाम दिया गया, दूसरा स्थान गौरव कुमार ने प्राप्त किया उन्हें कप के साथ 2500 रुपए दिया गया, और थर्ड पुरस्कार अवध कुमार ने प्राप्त किया उन्हें मेडल और 1500 रुपया इनाम दिया गया। पुरस्कार वितरण पूर्व उपाध्यक्ष चुन्नू शर्मा और इंजीनियर मंटू कुमार ने किया। चुन्नू शर्मा ने कहा कि इस जगह पर जिले में पहली बार तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 वर्ष पूर्व किया गया था। यह प्रतियोगिता छठ के अवसर पर प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर तैराकी के लिए नई प्रतिभा को तलाशने में मदद मिलेगी। तैराकी के प्रति इस क्षेत्र के युवाओं में रुझान उत्पन्न होगा और वह राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा कर सकेंगे।

## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ ही महापर्व का समापन, बक्सर व डुमरांव में आकर्षण का केन्द्र सेल्फी प्वाइंट

# हजारों व्रतियों ने एक साथ दिया भगवान भास्कर को अर्घ्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। इसके पहले व्रतियों ने रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया था। इस महापर्व के दौरान बक्सर व डुमरांव में श्रद्धालुओं की आस्था चरम पर देखी गई। वही दोनों नगर परिषद प्रशासन, जिला प्रशासन व पुलिस की व्यवस्था भी काबिले तारीफ रही। सभी घाटों पर बैरेकेटिंग के अलावे प्रशिक्षित गोताखोर तैनात किए गए थे। वही एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम, अग्निशामन वाहन समेत कई अन्य एहतियात बरते गए थे। सभी घाटों को चकाचक बनाया गया था। डुमरांव नगर परिषद की सफाई व्यवस्था इस बार काफी दुरूस्त थी। इसके अलावे डेकोरेशन व लाईट की व्यवस्था भी काफी अच्छी थी। घाटों पर पूजा समितियों की तत्परता देखने लायक थी। सुबह में अर्घ्य के दौरान पूजा समितियों द्वारा व्रतियों तथा उनके परिवार के लिए दातुन, चाय आदि की व्यवस्था की गई थी।


बक्सर व डुमरांव के विभिन्न घाटों पर सेल्फी प्वाइंट नगर परिषद प्रशासन द्वारा बनाया गया था, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से नगर परिषद बक्सर ने नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। जिसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त हुई। वही बक्सर नगर परिषद द्वारा नगर के वीर कुंवर सिंह चौक पर बनाया गया तोरण द्वार भी आकर्षण का केंद्र बना रहा है। जहां मिथिला पेंटिंग के माध्यम से न केवल तोरण द्वार को आकर्षक बनाया गया था बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति आकर्षक ढंग से जागरूक भी किया गया। वही डुमरांव के छठिया पोखरा घाट पर मधुबनी पेंटिंग, जंगलीनाथ शिव मंदिर घाट पर सेल्फी प्वाइंट पर भीड़ लगी रही।

चप्पे चप्पे पर मौजूद थे पुलिस के जवान, वरीय अधिकारी भी रहे मुश्तैद

महापर्व छठ को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में जिला प्रशासन की भूमिका काफी सराहनीय रही। बक्सर तथा डुमरांव के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर जगह पुलिस के जवान तैनात थे। वही वरीय पदाधिकारी सुबह व शाम के अर्घ्य के दौरान मॉनिटरिंग करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे। डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार के साथ जिला प्रशासन छठ के दौरान पूरी तरह से मुश्तैद था। जिसका नतीजा था कि छठ शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।









### अटूट आस्था... कनझरूआं के मुखिया असगर ने भी रखा व्रत

**डुमरांव।** मुस्लिम समुदाय से आने वाले डुमरांव प्रखंड के कनझरूआं पंचायत के मुखिया असगर अली ने पूरे विधि विधान से छठ व्रत किया। इस दौरान वे निर्जला रह व्रत के विधानों का पालन कर अपने गांव कमधरपुर के छठ घाट पर सर पर दउरा में पूजन सामग्री ले पहुंच दोनों अर्घ्य अर्पित किए। बता दें कि वे पंचायत चुनाव जीतने पर छठ करने का मन्नत मांगे थे। चुनाव जीतने के बाद वे पिछले तीन बार से छठ कर रहे हैं। असगर के इस आस्था ने मजहब की दीवार तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि धर्म किसी को बांटता नहीं है। कहा कि जिस दिन अंतर मिट जाएगा पूजा और अजान में, उस दिन सच्चा स्वर्ग बनेगा, हमारे हिन्दुस्तान में...।



### केसठ प्रखंड के विभिन्न गांवों में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ छठ पर्व

केसठ। प्रखंड के विभिन्न गांवो में लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास संपन्न हो गया। इस चार दिवसीय महापर्व का समापन सोमवार को उगते सूर्य को अर्ध्य के साथ हुआ। व्रतियों ने छठ घाट पर अहले सुबह पहुंचकर छठ माता का लोकगीत के साथ पूजा अर्चना किया तथा सूर्य उगने के पश्चात उन्हें अर्घ्य देकर महापर्व छठ का समापन किया। इसके बाद श्रद्धालु भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण कर स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया गया। छठ पूजा को लेकर छठ घाटों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ पोखरा पर और मिठाइयां पुल नहर पर भगवान भास्कर का भव्य प्रतिमा रखी गई थी। जिसका वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पट खोल गया। पोखरा को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। वही घाटों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में नावानगर पुलिस व अन्य अधिकारी सक्रिय दिखे। राजद के वरिष्ठ नेता पप्पू यादव व केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव ने देर रात्रि तक छठ घाटों का भ्रमण कर जायजा लिया। छठ पर्व को लेकर व्रतियों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय स्थित पोखरा पर छठ व्रतियों के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया था। जिसका संचालन समिति के व्यवस्थापक अजय कुमार विक्रांत एवं संतोष पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती ने अपने पूरे परिवार के साथ प्रखड कार्यालय स्थिति पोखरा पर छठ की।







## डुमरांव में ट्रैफिक इंचार्ज ने भरे बाजार होमगार्ड के जवान को पीटा, टूटा दांत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुलिस का काम विधि व्यवस्था को बनाए रखना है। लेकिन सोमवार की सुबह डुमरांव के मुख्य पथ स्टेशन रोड में राज अस्पताल के पास एक अजीबोगरीब वाकाया सामने आया। पुलिस वर्दी में टैजफिक ड्यूटि कर रहे एक होमगार्ड राजेन्द्र पासवान पिता स्व. सीताराम पासवान को उसके ट्रैफिक इंचार्ज हरिविनोद सिंह किसी बात पर भरे बाजार पिटाई कर दी। लोग जबतक माजरा समझते तथा बीच बचाव करने आते तबतक इंचार्ज की पिटाई से जवान का दांत टूट गया था तथा उसके मुंह से खून निकलने लगा था। इसके बाद लोगों ने किसी तरह इंचार्ज को समझा बुझा शांत कराया।

वही जवान ने थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार को इसकी सूचना देते हुए अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज करवाया। बाजार में पूरे दिन इस घटना की चर्चा होते रही। बता दें कि पीड़ित होमगार्ड जवान मूलरूप से पटना जिला के सबमीना गांव का रहने वाला है तथा पिछले 8-10 साल से डुमरांव



में ही उसकी पोस्टिंग है तथा वह ट्रैफिक ड्यूटि बजाता है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह में वह अपना ड्यूटि कर रहा था। इसी दौरान ट्रैफिक इंचार्ज वहां पहुंचे तथा किसी बात पर उसकी पिटाई कर दिए। हालांकि इस मामले में शाम तक जवान द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने की सूचना नहीं मिली है। थानाध्यक्ष ने दोनों को बुला समझा बुझा मामला शांत करा दिया है। थानाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों पक्षों को समझाया गया है। बहरहाल इस घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। लोग यह कहते भी सुने जा रहे थे कि जब वर्दी वाले ही कानून को हाथ में लेंगे तो रखवाली कौन करेगा।

## मुरार के मनपा गांव में रिटायर्ड फौजी के घर से 2.5 लाख नकद व पांच लाख के गहने की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

- फरवरी में है बेटे की शादी, आभूषण बनवाने के लिए दो दिन पहले ही बैंक से रूपया घर लाया था रिटायर्ड फौजी

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात इसी थाना क्षेत्र के मनपा गांव के रिटायर्ड फौजी नथुनी यादव के घर चोरों ने चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। छत फांद घर में घुसे चोरों ने आलमीरा तोड़ 2.5 लाख नकद, बहु के पांच लाख से अधिक के सोने, चांदी के आभूषण तथा अन्य कीमती सामानों को चुरा लिया है। इस दौरान घर के एक कमरे में सो रहे रिटायर्ड फौजी दंपति के कमरे को चोरों ने बाहर से बंद कर दिया था। जबकि तीन अन्य कमरों का ताला तोड़ चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है। सुबह में जब रिटायर्ड फौजी की नींद खुली तथा दरवाजा बाहर से बंद पाया तो पड़ोसियों को आवाज दे अंदर बुलवा



दरवाजा खुलवाया। वही जब घर का मुआयना किया तो उसके होश उड़ गए। चोरों ने तीन कमरों का ताला तोड़ नकदी समेत आभूषण चुरा लिए थे। इसके बाद पीड़ित ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी व मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद मौके पर पहुंचे तथा जांच पड़ताल शुरू कर दिए। पुलिस को घटना स्थल से 500 मीटर दूर बधार से चोरों द्वारा तोड़कर फेंका गया एक बक्सा व तीन अटैची मिला। वही पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**लकड़ी के बक्से में रखे थे पैसे, चोरों ने कर लिया हाथ साफः** मिली जानकारी के अनुसार रिटायर्ड फौजी के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा सीआईएसएफ का जवान है तथा वह अपनी ड्यूटि पर है। फरवरी में इसके मझले बेटे की शादी होने वाली है। आभूषण बनवाने के लिए दो दिन पहले ही वह बैंक से रूपया निकालकर घर लाया था तथा लकड़ी के एक बक्से में उसे रखा था। चोरों ने अन्य सामानों के साथ उस बक्से को भी चुरा लिया है। वही उसकी बहु अपने दो देवरों के साथ अपने मायके छठ करने गई थी। इसी दौरान चोरों ने घर में हाथ साफ कर लिया।

**पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे है सवालः** चोरी की इस वारदात के बाद स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। बता दें कि इसके पहले भी मुरार थाना क्षेत्र के चौगाईं, ठोरी पांडेयपुर समेत कई अन्य गांवों में चोरी की वारदात हो चुकी है। अधिकांश मामलों में पुलिस के हाथ खाली है। जिससे इस थाना क्षेत्र में चोर उचक्कों का मनोबल बढ़ा हुआ है।


### क्या कहते हैं एसडीपीओ

चोरी की सूचना मिलते ही घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। चोरों ने नकदी समेत आभूषण चुराए है। इस वारदात की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। जल्दी ही चोरों को पकड़ मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

**- अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## एक नजर


### गोमाता का अनादर करने से बढ़ते हैं कष्ट: बिट्टू



**केसठ।** प्रखंड के नया बाजार स्थित मां भवानी मंदिर के परिसर में सोमवार को गोपाष्टमी के अवसर पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गोमाता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल के प्रखंड संयोजक बिट्टू कुमार ने किया। इस दौरान गौ माता का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना और आरती की गई। प्रखंड संयोजक ने कहा कि गो माता का अनादर करने से कष्टों का सामना करना पड़ता है। यदि राष्ट्र को समृद्ध, व्यक्ति को निरोग एवं प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति चाहते हैं, तो गोवंश का संरक्षण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में संपूर्ण मानव जाति का दायित्व है कि गोवंश की सुरक्षा का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि गौ माता की पूजन करने से घर में सुख समृद्धि और खुशहाली आती है।गाय की पूजा करने से करोड़ों देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने गौ माता की सुरक्षा को लेकर उपस्थित लोगों से अपील की। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना यादव, धर्मेंद्र पासवान, सुधीर सिंह, राज रोशन कुमार, विनोद सिंह, मनीष कुमार, राजन कुमार, राहुल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो, बिजली खंभे एवं दुकान शेड में मारा टक्कर, चालक गिरफ्तार

**नावानगर।** स्थानीय थाना से महज 100 गज स्थित पड़ाव पोखरा के पास अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो समेत बिजली खंभे एवं दुकान शेड में टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में सड़क किनारे गुजर रहे छठव्रती एवं उनके परिजन बाल-बाल बच गए। अन्यथा बड़ी हादसा से इंकार नहीं किया जा सकता था। दुर्घटना सोमवार की अहले सुबह लगभग साढ़े 3 बजे की है। इधर स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि ट्रक डुमरांव से मलियाबाग की तरफ जा रही थी। तभी उक्त स्थान पर ट्रक और नियंत्रित होकर एक ऑटो में टक्कर मारने के बाद दो बिजली का पोल एवं रोड पर छठ पूजा समिति के द्वारा किए गए सजावट के लिए बास बल्ले, ट्यूबलाइट, झालर सहित आसपास की दुकान का फ्लैश बोर्ड, एक लोहार का भट्टी एवं कई दुकानों के आगे लगे शेड में टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। संयोग अच्छा था कि सड़क किनारे से छठ घाट के लिए जा रहे छठव्रती एवं उनके परिजन बाल बाल बच गए। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसकी वाहन को जप्त कर लिया गया है। ट्रक नंबर के आधार पर डैमेज सूट का एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## कारोबार में बढ़ी रौनक, बैंड-बाजा, होटल-लॉज हाउसफुल

# तुलसी विवाह के साथ 23 से शादी का शुभ मुहूर्त शुरू, बजेगी शहनाई

**अमरनाथ केशरी/डुमरांव**

मांगलिक कार्यों पर लगा विराम गुरुवार 23 नवंबर से खत्म हो जायेगा। 23 नवंबर को तुलसी विवाह का धर्मिक उत्सव भी मनाया जायेगा। उसी दिन से शुभ विवाह की शुरूआत होगी। गुरुवार से वर-वधू सात फेरे लेंगे और शहनाइयां बजने लगेंगी। नवंबर और दिसंबर के 60 दिनों में केवल 12 दिन ही लग्न में शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बताये जाते है। लग्न को लेकर शहर और ग्रामीण इलाके के मंडियों में रौनक बढ़ गयी है। वर और वधू पक्ष की ओर से तैयारियों का अंतिम दौर पर है। होटल-लॉज और बैंड-बाजा हाउसफुल बताये जाते है।

लग्न को देखते हुए कारोबारियों में भी बेहतर कारोबार की उम्मीदें जगी है। इसके लिए व्यवसायी अपनी दुकानों पर हर तरह के लग्नि

### वर्ष 2023 का विवाह मुहूर्त

नवंबर 23, 24, 27, 28, 29
दिसंबर 5, 6, 7, 8, 9, 11, 14



सामानों का मेल स्टॉक किया है। रेडीमेड कपड़े, जड़ी रहित साड़ियां, लहंगा-शेरवानी, उलेन कपड़े के अलावे सराफा बाजार में भी आभूषणों का हर मेल तैयार है। कम लग्न और ज्यादा मांग के कारण व्यवसायी भी उत्साहित है।

### लग्नि सामानों का बाजार भाव

| समाग्री | रेट |
|---|---|
| लहंगा चुनरी- | 4000 से 40 हजार तक |
| शेरवानी- | 2000 से 20 हजार तक |
| सिल्क साड़ी- | 3000 से 10 हजार तक |
| पगड़ी- | 100 से 500 रुपये तक |
| मौर- | 150 से 350 रुपये तक |
| सिंहोरा- | 125 से 400 रुपये तक |
| वरमाला- | 300 से 500 रुपये तक |
| जयमाल थाली- | 150 से 250 रुपये तक |

मौर, सिंहोरा, पगड़ी, वरमाला आदि बनाने वाले कारीगर दिन-रात काम करने में जुटे है। आगामी जनवरी, फरवरी के लग्न के लिए वर-वधू पक्ष वाले भी सामानों की बुकिंग के लिए मशक्कत कर रहे है। लग्न में काफी तेजी होने के कारण हलवाई, वाहन, पंडाल सहित अन्य की बुकिंग पहले से ही पूरी कर ली गयी है जबकि अगले वर्ष की बुकिंग को लेकर भाग-दौड़ शुरू हो गयी है। कई वर पक्ष के लोग बैंड-बाजा, वाहन, हलवाई की बुकिंग के लिए पड़ोसी राज्य यूपी के बलिया, गाजीपुर और बनारस के दौड़ लगा रहे है। ,मंडियों में लग्न की बिक्री की शुरूआत होते ही दुकानदारों के चेहरे पर रौनक आ गयी है। व्यवसायी अविनाश कुमार सिंह, पिंटू जायसवाल, शिवजी खेमानी, अभिषेक केशरी, राजकुमार गुप्ता, भगवानजी वर्मा, मनीष कुमार आदि ने बताया कि 23 नवंबर से मंडियों में अधिक चहल-पहल बढ़ेगी और शादी-विवाह के सामानों की बिक्री परवान चढ़ेगी। वैवाहिक बंधन में बंधने वाले जोड़े के लिए हर तरह की शेरवानी और कढ़ाईदार रंग-बिरंगे लहंगा के अलावे कई डिजाइनों में ज्वेलरी से दुकानें सज गयी हैं।

### ओवरलोडेड 10 ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

**डुमरांव।** रविवार की रात जिला खनन परिवहन पदाधिकारी व जिला खनन पदाधिकारी ने डुमरांव तथा नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र में ओवर लोड परिचालन के खिलाफ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान डुमरांव से 3 तथा नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रतापसागर के पास से 7 बालू लदे ट्रकों को जब्त कर स्थानीय पुलिस को सौंपा गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से ओवर लोड परिचालन करने वाले ट्रक चालकों में हड़कंप मचा रहा। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान ट्रक चालक विभिन्न जगहों पर अपनी ट्रक खड़ा कर फरार हो गए थे। वही डीटीओ ने कहा कि ओवरलोड परिचालन करने वाले माल वाहन वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।





पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों में छठ पूजा के लिए नदियों और तालाबों के किनारे बने घाटों पर व्रती महिलाओं, उनके परिवार के सदस्यों ने उगते सूर्य की पूजा की और चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व का पारण किया।

## उदयगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व, व्रतियों ने किया 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण

# व्रती महिलाओं ने की अचल सुहाग, अखंड सौभाग्य की कामना

**केटी न्यूज/गाजीपुर/मऊ/चंदौली**

जनपद में सोमवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया। पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों में छठ पूजा के लिए नदियों और तालाबों के किनारे बने घाटों पर व्रती महिलाओं, उनके परिवार के सदस्यों ने उगते सूर्य की पूजा की और चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व का पारण किया। घाटों पर सुबह से छठ व्रती और छठी मैया के भक्त भगवान भास्कर के उदय होने का इंतजार कर रहे थे।



सूर्य के उदय के साथ ही व्रतियों ने घुटने भर पानी में उतरकर उन्हें अर्घ्य समर्पित किया और इसके साथ अपने 36 घंटे के व्रत का समापन किया। बता दें कि चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत 17 नवंबर को नहाय-खाय के साथ हुई थी। उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने वाली व्रतियों ने नाक से लेकर माथे तक सिंदूर लगाया और भगवान भास्कर से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। गाजीपुर जनपद में भी छठ पूजा के चौथे दिन सुबह उगते सूर्य को व्रती महिलाओं ने अर्घ्य दिया। अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाओं के 36 घंटे की कठिन साधना का समापन हुआ। गंगा घाटों पर भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। छठी मैया की विभिन्न गीतों के साथ जहां व्रती महिलाएं पहुंच गई थी, वहीं उनके परिजन भी साथ गए थे। जैसे ही भगवान भास्कर ने अपनी लालिमा बिखेरी, वैसे ही दूध से अर्घ्य देकर अचल सुहाग, अखंड सौभाग्य व लोकमंगल की कामना की। इस दौरान घाट पर सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट रहा। पुलिस, जल पुलिस के साथ ही एनडीआरएफ की टीम तैनात रही। रविवार की शाम अस्त होते सूर्य को व्रती महिलाओं द्वारा अर्घ्य दिया गया था। भोर में तीन बजे से ही श्रद्धालुओं के घाटों पर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। महिलाएं भोर में ही हाथ में फल व प्रसाद से भरा सूप लेकर गंगा जल में खड़ी हो गईं। भगवान भास्कर के नेत्र खोलने का इंतजार होता रहा। जैसे ही सूर्य ने अपनी किरणें बिखेरी, वैसे ही अर्घ्य देने का क्रम शुरू हो गया। सोमवार को व्रती महिलाओं के 36 घंटे के कठिन व्रत का पारण हुआ। व्रती महिलाओं ने कहा कि व्रत का बहुत महात्म्य है। इससे संतान प्राप्ति का योग बनता है। वहीं अचल सुहाग का आशीर्वाद मिलता है। घर-परिवार की सुख-समृद्धि व लोक मंगल की कामना से यह व्रत किया जाता है। इस दौरान गंगा में नाव पर सवार होकर अफसरो संग डीएम और एसपी घाटों का जायजा लेते रहे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल और प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल भी सभासदों संग नाव पर घूमते रहे।



**लोक आस्था का पर्व डाला छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्नः मऊ।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन सोमवार को उगते सूर्य को श्रद्धापूर्वक अर्घ्य देकर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सोमवार को भोर में सुबह लगभग 4 बजे से पहले ही घाटों पर व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने लगा और देखते ही देखते पूजा स्थलों पर उपासकों का तांता लग गया। वेदी पर रखे गये व्रती महिलाओं के कतारबद्ध दीपकों से प्रत्येक जलाशय जगमगा उठे। वहीं सूर्योदय होते ही व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के सुख समृद्धि हेतु छठ माता तथा सूर्यदेव से कामना कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। वहीं घाटों पर उत्साहित बच्चों ने पटाखे जलाकर सूर्यदेव का स्वागत किया तो श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयकारे के साथ स्वागत किया। नगर के खाकी बाबा की कुटी, नीमपोखर, अब्दुल खैर पोखरा,मनाजीत पोखरा, कमालचक आदि घाटों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों समाऊद्दीनपुर, करमी, सुल्तानीपुर, असलपुर सरौदा, देवखरी, रायपुर, कमरवां, कमथरी, बहलोलपुर, सरसेना, सेचुई, पचिस्ता,भटौली, चंद्रावती, मिजार्पुर नासिरपुर, मंगलपुर राजापुर, टेनुआं, महमूदवां, इब्राहिमचक, फत्तेपुर, मोलनाचक,भीखमपुर,एहियाचक, बस्तीचक आदि स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। इस दौरान सी ओ डा० अजय विक्रम सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ पूरे थाना क्षेत्र का चक्रमण करते रहे तथा सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों के साथ पुलिसकर्मी तैनात रहे। वहीं खाकी बाबा की कुटी पर श्री राम जानकी मंदिर खाकी बाबा कुटी ट्रस्ट के अध्यक्ष कतवारू सेठ द्वारा हवन पूजन कर छठ माता की प्रतिमा का रासेपुर मंगई नदी में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर, अशोक कुमार उपाध्याय,वीरेन्द्र यादव, महेन्द्र मौर्य, बहादुर कन्नौजिया, रामसेवक यादव,पिन्टू यादव आदि खाकी बाबा कुटी पर व्यवस्था में लगे रहे।



### उगते सूर्य को अर्घ्य देकर जीवन में उजाला की कामना

**चंदौली।** नगर सहित पूरे जनपद में सूयोर्पासना के महापर्व डाला छठ पर श्रद्धालुओं ने उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देकर सोमवार को चार दिवसीय व्रत का पारायण किया। भोर में ही नदी, तालाब के तटों पर अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाओं की भीड़ जुटी। भोर में अर्घ्य देने के बाद घाटों पर आतिशबाजी की गई। वहीं घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। व्रत के समापन के बाद प्रसाद पाने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। वही सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने भी भगवान सूर्य को अर्घ दिया। इसके अलावा अपने-अपने क्षेत्र में प्रमुख लोगों ने सुख शांति और खुशहाली के लिए भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर डाला छठ के पावन पर के भागीदार बने। डाला छठ के अंतिम दिन भोर में ही उठ कर व्रतियों ने स्नान-ध्यान किया और घाट पर जाने की तैयारी की। व्रतियों के साथ परिवार के सदस्य भी जागकर घाट पर जाने की तैयारी में जुटे रहे। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए व्रतियों ने सूप और दउरी में फल, पूजन सामग्री, फूल माला, धूप, दीप, पान सुपाड़ी आदि सजाया। पूरे परिवार के साथ व्रती नंगे पैर गंगा घाटों की ओर निकले। पुरुष सदस्यों ने माथे पर दउरी रखी, तो किशोर ने गन्ने को कंधे पर सजाया और व्रती महिलाएं हाथ में कलश और उस पर जलता दीपक लेकर समूह में गीत गाते हुए, गांव के पोखरा और तालाबों के साथ गंगा घाट की ओर चलीं।

## लोकनायक जेपी तक को भी नहीं बख्शा बलिया के शराब तस्करों ने

**तिलक कुमार/बलिया**

बलिया पुलिस की कार्रवाई से भले ही शराब बरामद होने के साथ आरोपी पकड़े गए हो। लेकिन एक बात हैरत करने वाली यह है कि शराब तस्कर लोकनायक जेपी तक को भी नहीं बख्शे और उनके नाम का इस्तमाल अब शराब तस्करी में करने लगे हैं। दरअसल शहर कोतवाली पुलिस ने जिस बस की डिग्गी से अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी है। उस बस के आगे लोकनायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट सेवा लिखा था। पुलिस इस विषय पर भले ही पर्दा डाल रही है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि अब महान विभूती लोकनायक जेपी तक को भी शराब तस्कर नहीं बख्श रहे हैं। यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कल मंगल पांडेय, पड़सो चित्तू पांडेय के भी नाम का इस्तमाल शराब तस्कर कर सकते हैं।

बता दें कि शुक्रवार की दोपहर जिस बस से शराब पकड़ी गई थी, पुलिसिया जांच में वह एक निजी बस है तथा उसके मालिक का नाम पप्पू सिंह है। लेकिन बस के आगे लोकनायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट सेवा लिखा होने का क्या मतलब। इस पर शहर कोतवाल कुछ भी बताने से कन्नी काटते नजर आए। खैर बस यदि निजी है तो इस प्रकार ट्रस्ट सेवा क्यों लिखी गई है, परिवहन विभाग या फिर ट्रस्ट के कर्ता धर्ता इस पर कभी आपत्ति क्यों नहीं किए। उधर सूत्र के अनुसार इसमें भी बड़ा खेल है। रसूखदारों के संरक्षण में हो तस्करी का खेल चल रहा है। उधर घटना के बाद से प्रबुद्धजनों में आक्रोश है। वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस ने निजी बस में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट सेवा लिखा होना को परिवहन विभाग, पुलिस विभाग व जिला प्रशासन सबका फेल्योर बताया।

## सिलेंडर लीक होने से लगी आग, पांच झुलसे

**चंदौली।** इलिया के अर्जी खुर्द गांव में सोमवार को खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। इस घटना में परिवार के पांच सदस्य झुलस गए। जिनका चकिया स्थित जिला चिकित्सालय में इलाज कराया जा रहा है। सुबह भोजन बनाने के वक्त गैस सिलेंडर में रिसाव हो गया जिसके चलते धीरे-धीरे आग का रूप ले लिया । आज की लपट को देखते परिवार के सदस्य आग बुझाने में जुट गए। चीख पुकार सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने किसी तरह सिलेंडर को खींचकर बाहर निकाला और बालू फेंक कर आग बुझाई। लेकिन तब तक घर में रखा राशन बिस्तर व बैग में रखे साड़ी कपड़ा सहित पांच हजार रुपए जल गए। आग बुझाने में राधेश्याम खरवार के पुत्र आतिश , बेटी साधना व इंदु देवी,पौत्री छोटी , करीना झुलस गई। ग्रामीणों ने सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## छह साल की मासूम के साथ 56 साल के अधेड़ ने किया दुष्कर्म

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छह साल की मासूम बच्ची को बहला- फुलसाकर 56 साल के अधेड़ ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना को अंजाम दे वह इंसानी दरिंदा फरार हो गया। उधर लहूलुहान बच्ची से परिजनों ने पूछा तो सभी उसकी खोजबीन करने लगे। वह इसकी शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचे, तो वह पूरे परिवार को अंजाम भुगतने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पूरे परिवार संग फरार था। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

इलाके के एक गांव की रहने वाली कई बच्चियां खेलने के लिए गई थी। इसी बीच गांव का 56 साल का अधेड़ एक बच्ची को बहला फुसलाकर दूर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची ने परिजनों को बताया तो आरोपी पीड़िता के सभी परिजनों को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पूरे परिवार को लेकर गांव से भाग गया। इधर पुलिस को सूचना देने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर तत्काल क्षेत्राधिकारी शेखर सिंह सेंगर रात में ही पहुंचे और फिर थाने पर पहुंचे और जायजा लिया। घटना के बाबत पीड़ित बच्ची की मां ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुट गई हैं। इधर एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार भी रात में ही थाने पर पहुंचे और जायजा लिया। बच्ची के परिजनों ने बताया कि वो गांवों में जाकर गाना बजाना करके परिवार का भरण पोषण करते हैं।

## दो थाना क्षेत्रों में जमकर मारपीट, 11 लोग घायल

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के दो अलग-अलग थानों में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट में ग्यारह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके चलते क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का सीएचसी में मेडिकल मुआयना कराया। इस दौरान चार लोगों की गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहाँ उनकी हालत गंम्भीर बनी हुई है। फिलहाल दोनों तरफ से मिले तहरीर के आधार पर पुलिस ने सत्रह लोगों के खिलाफ बलवा,मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामलें की छानबीन में जुट गई। जबकि मामलें में वांछित आरोपी अभी पुलिस की पकड से बाहर है। पहला मामला रेवतीपुर थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गाँव में बीते रविवार की शाम गंगा किनारे डाला छठ के अवसर पर स्नान, पूजन अर्चन कर रही महिलाओं व युवतियो का गांव के ही कुछ मनबढ विडियो बनाने के साथ ही फोटो खींचने लगे। जिस पर जब महिलाओं व उनके परिजनों ने इस पर आपत्ति दर्ज किया। इसके बाद दोनों पक्षों में नोकझोंक शुरू हो गई?। मौजूद लोग कुछ समझ पाते इसी दौरान दोनों पक्षों में लाठी-डंडे से जमकर मारपीट शुरू हो गई। जिससे मौके पर भगदड मच गई। मौजूद लोगों के बीच बचाव पर मामला किसी तरह शांत हुआ है। इसके बाद महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों के साथ ट्रैक्टर से घर जाने लगी। इस बीच एक बार फिर मनबढ़ों ने रास्ता रोककर ट्रैक्टर पर जमकर पथराव शुरू कर दिया। जिससे फिर मौके पर भगदड़ मच गई। हुए इस पथराव में एक पक्ष से पवन यादव 28, बिहारी 50, विक्की 17, प्रियांशु यादव 16, शिवांगी दो वर्ष व गोलू 12 वर्ष घायल हो गये।

## परिवहन मंत्री ने ददरी मेले की तैयारी का लिया जायजा



**बलिया।** प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाषंकर सिंह ने सोमवार की शाम को निरीक्षण कर ददरी मेला की तैयारियों का जायजा लिया। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल के साथ मंत्री ने पूरे मेले का भ्रमण कर तैयारियों की स्थिति को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री ने मेले में आने वाले लोगों की समुचित व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर स्नान पर्व की तैयारियों के बारे में भी जाना और आवश्यक निर्देष दिए। कहा कि स्नान पर्व में होने वाली भीड़ को देखते हुए हर स्तर पर तैयारी होनी चाहिए। लोगों की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। कहा इसमें थोडी सी भी लापरवाही अक्षम्य होगी। इस दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने मेले में आए व्यापारियों से वार्ता कर उनसे सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। कई व्यापारियों ने कुछ आवश्यक सुझाव दिए जिसे तत्काल दूर कराने के आश्वासन दिए। मंत्री ने कहा कि नगरपालिका के चेयरमैन संत कुमार गुप्ता के विशेष प्रयास से इस बार मेला काफी बेहतर लगने जा रहा है। इसमें चेयरमैन के अथक प्रयास से इस बार मेले में लोगों को कई नई चीजों को देखने को मिलेगा

### अभिभावक बच्चों के घर पहुचने को लेकर नहीं होगी चिंता, बदलाव की कवायद शुरू

# सभी स्कूली बसों में लगेगा जीपीएस, मोबाइल पर मिलेगा लोकेशन

**केटी न्यूज/बलिया**

अब जाम में स्कूली बस के फसने से देर होने पर अभिभावकों को चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगा. अपने मोबाइल फोन पर ही बस की लोकेशन जान सकेंगे। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से शासन ने स्कूल बसों में गोलबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) लगाने का निर्देश दिया है। बसों में जीपीएस लगाना अब शुरू कर दिया जाएगा। अगले सत्र से सभी स्कूल बसों में अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिवहन विभाग के आरआई राज भूषण चौधरी ने बताया कि जिले में करीब 746 स्कूल बसें



पंजीकृत है। इस बसों के भीतर की गतिविधि पर नजर रखने के लिए बसों में सीसीटीवी कैमरे की अनिवार्यता की जा रही है। ताकि स्कूल बस की लोकेशन पर नजर रखी जा सके। बिना जीपीएस के बस कहा पहुंची, इसकी जानकारी नही मिल पाती है. इसमे बच्चों की सुरक्षा को भी खतरा होता है।

ऐसे में शासन ने निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द सभी बसों में जीपीएस लगवाए जाए ताकि उनकी लोकेशन मिलती रहे। बताया कि स्कूल वैन और ऑटो में भी सुरक्षा के इंतजाम स्कूल प्रबंधन को करने होंगे। निजी स्कूलों में शासन के निर्देश का पालन कराया जाएगा।

**अभिभावक घर बैठे ही रख सकेंगे निगरानी:** अभिभावक अपने मोबाइल फोन से बच्चे के स्कूल जाने और घर आने के दौरान निगरानी रख सकेंगे। यदि बस चालक बच्चे को किसी भी गलत दिशा में लेकर जा रहा है तो इसकी जानकारी तत्काल लग जाएगी। वही, बस ले देर होने पर भी अभिभावकों को पता चल जाएगा।

**लिखे जाएंगे हेल्पलाइन नंबर:** नए नियम के मुताबिक, स्कूल बसों व अन्य स्कूली वाहनों पर हेल्पलाइन नंबर की सूची लगाई जाएगी. इसमे चाइल्ड हेल्पलाइन, वूमेन हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन नंबर शामिल हैं।

**बोले अधिकारी:** इस संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अरुण कुमार राय ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी बसों में जीपीएस लगाने की तैयारी है। जल्द ही बसों में जीपीएस लगवाने का काम शुरू करा दिया जाएगा। इसमे सभी को सहूलियत मिलेगी।

